an>

Title: Need to appoint qualified teachers on permanent basis in Eklavya Model Residential Schools in the country.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) ः पूरे देश में जनजातीय वर्ग के बीच उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु केंद्र सरकार को एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल की शुरूआत की है, जिसकी काफी प्रशंसा की गई है। देखा यह गया है कि इन स्कूलों में जो टीचर हैं, वे अस्थाई हैं, जिसके कारण टीचर समुचित ढंग से अपने मन से पढ़ाने का कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जिसका परिणाम है कि एकलव्य मॉडल स्कूलों में यह टीचर जनजाति वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा देने में असमर्थ हैं। मेरी मांग है कि जनजाति वर्ग को उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले एकलव्य मॉडल स्कूल में टीचरों को स्थाई रूप से नियुक्त किया जाये।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनजाति वर्ग को उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में क्वालीफाइड टीचरों को स्थाई रूप से एवं फुल पगार पर नियुक्त किया जाये।